# पर्यटन विभाग को बेस्ट स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन अवॉर्ड

## दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया पुरस्कार, विभाग ने बौद्ध सर्किट का किया प्रदर्शन

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। पर्यटन विभाग के अधिकारी ने दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित द एंबेसी मैगजीन ट्रेवल जिंगल्स डिप्लोमैटिक ट्रेवल अवाड्र्स 2024 कार्यक्रम में शिरकत की। साथ ही बेस्ट स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन का पुरस्कार भी जीता। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम में बोधि यात्रा और बौद्ध सर्किट का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में शिरकत कर रहे निदेशक यूपी पर्यटन प्रखर मिश्रा ने यह अवार्ड लिया। साथ ही बौद्ध सर्किट से जुड़ी प्रस्तुति भी दी। उन्होंने इन स्थलों की



निदेशक यूपी पर्यटन प्रखर मिश्रा ने अवॉर्ड लिया। - विभाग

आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यह तत्व आध्यात्मिक शांति की तलाश, नए स्थलों की खोज या बौद्ध विरासत के बारे में अपने ज्ञान का विस्तार करने वालों के लिए आदर्श स्थिति तैयार करता है। मिश्रा ने कहा कि बौद्ध सर्किट हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का गवाह है। हम दुनियाभर के पर्यटकों को इन पवित्र स्थलों में निहित शांति और गहन इतिहास का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

हमारा लक्ष्य इन स्थलों को बढ़ावा देना तथा यह सुनिश्चित करना है कि, उन्हें वह पहचान और प्रशंसा मिले, जिसके वे हकदार हैं। कार्यक्रम में मालदीव, तंजानिया, नेपाल, मोरक्को, अजरबैजान, मॉरीशस, जॉर्जिया, क्यूबा, जमैका, युगांडा आदि देशों के राजदूतों ने हिस्सा लिया।